an>

Title: Need to shift the garbage dumping ground of Devnar and Mulund areas of Mumbai, scientifically to a new location outside of the city.

**श्री राहुल शेवाले (मुम्बई दक्षिण मध्य) :** सभापति महोदय, देश के अधिकतर महानगर, विशेषतया मुम्बई और दिल्ली गहन प्रदूषण से ग्रस्त हैं। सर्दियों के मौसम में प्रदूषण ज्यादा बढ़ जाता है, जिससे कई तरह की गम्भीर बीमारियों से जनमानस को जूझना पड़ता है।

मेरे संसदीय क्षेत्र में देवनार इलाके में बहुत बड़ा डम्पिंग ग्राउण्ड है, जहां मुम्बई का कचरा डम्प होता है। प्रतिदिन इस कचरे में आग लगने से जहरीला धुआं देवनार और मुलुंड क्षेत्र में फैलता है, जिससे यहां रहने वाले हजारों-लाखों निवासी लंग कैंसर, अस्थमा और अन्य सांस की गम्भीर बीमारियों से ग्रस्त हैं। इस डम्पिंग ग्राउण्ड को यहां से स्थानान्तरित करने के लिए व्यापक पत्र-व्यवहार और मीटिंग्स हुई, परन्तु मुम्बई का स्थानीय प्रशासन एकदम उदासीन है। देवनार के इस डम्पिंग ग्राउण्ड को वैज्ञानिक रूप से समाप्त करके इस क्षेत्र को हरा-भरा बनाने की आवश्यकता है। मेरा सुझाव है कि इस गंभीर विषय पर केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय आदेश पारित करके ग्रीन ट्रिब्यूनल के द्वारा इस क्षेत्र को 'हरित क्षेत्र' घोषित करके महाराष्ट्र सरकार को प्रेषित करना चाहिए।

सभापति महोदय, अभी हाल ही में फरवरी के पहले हफ्ते में सिस्टम फोर एयर क्वालिटी, वेदर फोरकास्टिंग एण्ड रिसर्च ने मुम्बई और दिल्ली की एयर क्वालिटी के विश्लेषण में पाया कि मुम्बई के कुछ भाग जैसे चेम्बूर, देवनार, मुलुंड और अंधेरी, दिल्ली से भी ज्यादा प्रदूषित हैं।

अतः आपके माध्यम से वन एवं पर्यावरण मंत्री से मेरा अनुरोध है कि महाराष्ट्र सरकार को आदेश करके देवनार एवं मुलुंड के डम्पिंग ग्राउण्ड को वैज्ञानिक तरीके से समाप्त करके इसे मुम्बई के बाहरी इलाके में स्थानांतरित किया जाए, जिससे वहां के निवासियों को गम्भीर बीमारियों से छुटकारा मिल सके।

HON. CHAIRPERSON: Shri Arvind Sawant Shri Sudheer Gupta, Shri Chandra Prakash Joshi and Kunwar Pushpendra Singh Chandel are permitted to associate with the issue raised by Shri Rahul Shewale.